समाचार

# निगम के 04 वार्डो को मिली साढ़े 58 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन)



कोरबा 15 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 31, 25, 33, 23 में आज साढ़े 58 लाख रूपये के विकास कार्यो की शुरूआत की गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्यो का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 31 झगरहा स्थित शासकीय स्कूल में 05 लाख रूपये की लागत से शेड का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 25 अंतर्गत आदिवासी शक्तिपीठ के समीप 05 लाख 87 हजार रूपये की लागत से विकास एवं सौदंर्यीकरण का कार्य, वार्ड क्र. 25 अंतर्गत नेहरूनगर में 17 लाख 58 हजार रूपये की लागत से सीवर लाईन बिछाने का कार्य, वार्ड क्र. 33 रामपुर बस्ती में 07 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन के समीप विकास कार्य, वार्ड क्र. 33 रामपुर बस्ती में तालाब के समीप 05 लाख रूपये की लागत से शेड का निर्माण, वार्ड क्र. 33 ढेगुरनाला के पास गणीनाथ मंदिर तक पहुंच मार्ग हेतु साढ़े 05 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड का निर्माण तथा वार्ड क्र. 23 अंतर्गत कृष्णानगर में सी.एन.आई.चर्च के पास 12 लाख रूपये की लागत से विकास का कार्य कराया जाना हैं। आज इन सभी वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। उन्होने विकास कार्य हेतु पूजा अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि जिन विकास कार्यो का शुभारंभ आज कराया गया है, उन्हें त्वरित रूप से प्रारंभ कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करें तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष

ध्यान दें ताकि निर्माण कार्य मजबूत व टिकाऊ हों तथा आमनागरिकों को इन कार्यो का लाभ ज्यादा समय तक प्राप्त होता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि आप लोगों की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए इन विकास कार्यो को कराया जा रहा है, उन्होने कहा कि विगत पांच वर्षो के दौरान निगम के प्रत्येक वार्ड में व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं, मैंने हमेशा प्रयास किया है कि नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले तथा सभी वार्ड एवं बस्तियों का वहां की आवश्यकतानुसार विकास हों, आमजन की समस्याएं दूर हों।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद पालूराम साहू, मदन सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, तपन तिवारी, देवेन्द्र स्वर्णकार, अरूण बघेल, अंजूलता तिग्गा, योगेन्द्र देवांगन, आदि के साथ वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।